A. N. COLLEGE, PATNA

Patliputra University, Patna

NAAC-Accredited Grade 'A+' with CGPA 3.36/4

College with Potential for Excellence (C.P.E.) Status by U.G.C.

Office of the Principal Mobile No.- 8986324667

Ref.... Date.... 21/09/2024

स्पाट नामांकन सूचना
स्नातक पार्ट–1 स्नातकोत्तर समेस्टर –1 (UG & PG Vocational)
सत्र 2024–27 & 2024-26

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सूचना दिनांक 21/09/2024 के आलोक में स्पाट नामांकन का आवेदन महाविद्यालय में दिनांक 23/09/2024 से 24/09/2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक आनलाईन कॉलेज पोर्टल (Apply for Spot Admission) पर लिया जाएगा। आवेदित सभी अभ्यर्थियों की आवेदित सूची दिनांक 25/09/2024 को संध्या 05:00 बजे तक कॉलेज बेबसाईट पर प्रकाशित कर दी जायेगी। प्रकाशित सूची में अभ्यर्थियों का नाम अंक के आधार पर **(Highest to Lowest)** रहेगा। विभाग को दिये गये सूची में विभागाध्यक्ष को निम्न प्रकार से नामांकन हेतु चयन करना है:–

1. छात्र–छात्राओं के 12वी के मूल अंकपत्र **(Marksheet)** से सूची में दिये गये अंक एवं **Offer Letter** में दिये गये अंक से मिलान कर चयन प्रक्रिया सुनिश्चत करेंगे। ज्ञातव्य है कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय पोर्टल पर विद्यार्थियो द्वारा हीं अंक भरे गये हैं जो गलत हो सकता है।
2. जाति प्रमाण पत्र से जाति का मिलान करेगें।
3. सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाता है कि नामांकन हेतु कॉलेज के बेबसाईट पर आवेदन करने वाले सभी अभर्थियों का नाम हैं। इन सूची से संबंधित विषय में उपलब्ध रिक्त सीट पर हीं नामांकन लिया जाएगा। अतः छात्र–छात्रा अपनी नामांकन की संभावना को देख लें या किसी अन्य कॉलेज में नामांकन हेतु जाये।
4. महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी के पुत्र/पुत्री/पत्नी /पति का नामांकन वार्ड कोटा के तहत लेना सुनिश्चित करेंगे। वार्ड कोटा में मेधा सूची नहीं लागू होगा लेकिन ए.एन. कॉलेज के बेबसाईट से आवेदन होना चाहिए। वार्ड के नामांकन के पश्चात हीं शेष रिक्त सीट पर नामांकन होगा। वार्ड कोटा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा सत्यापित किया जाएगा।
5. नामांकन की तिथि दिनांक 26 सितम्बर 2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 02 बजे तक

दिनांक 26/09/2024 को विभाग में निम्नलिखित कागजात के साथ नामांकन के लिए छात्र–छात्रा को स्वयं उपस्थित होना है। विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेगे कि अगर छात्र–छात्रा स्वयं उपस्थित नहीं होते हैं तो ऐसे छात्र–छात्रा का मेधा में नाम रहने के बाद भी नामांकन नहीं लिया जाय। अभ्यर्थी सभी अंकपत्र/प्रमाण पत्र की मूल कापी सत्यापन हेतु अपने पास रखेंगे।

1. ए.एन. कॉलेज पोर्टल पर भरे गये प्रपत्र
2. **Offer Letter of PPU**
3. Undertaking for attending 75% class and other rules
4. Photocopy of 12th Marks sheet for UG Course & Graduation Marksheet for PG Course
5. Photocopy of Caste Certificate
6. SLC/CLC (Original)

उक्त कागजात के साथ विभागध्यक्ष द्वारा **Offer Letter** हस्ताक्षरित कर, नामांकन के लिए चयनित छात्र का कागजात श्री उत्तम कुमार द्वारा **Validation** हेतु विभाग से ले लिया जाएगा। नामांकन **Validation** के बाद नामांकन शुल्क **Student Login** से होगा।

इस सूचना के साथ रिक्त सीटों की संख्या संलग्न है।

प्रतिलिपि कार्यार्थ प्रेषितः

1. सभी विभागाध्यक्ष

प्रधानाचार्य

21/9/24

अनुलग्नकः **Instructions of University**